JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2022 / 03 / 372–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 29.03.2022

मेट्रो विस्तार ने पकड़ी रफ्तार
जयपुर मेट्रो फेज 1सी की डीपीआर निदेशक मण्डल से अनुमोदन हेतु तैयार
(JMRC) और दिल्ली मेट्रो (DMRC) के बीच फेज 1डी की डीपीआर तैयार करने का हुआ करार।

जयपुर 29 मार्च। राज्य सरकार द्वारा बजट में की गई घोषणा के अनुरूप फेज 1C (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर) के विस्तार पर जेएमआरसी व डीएमआरसी की 2 मार्च 2022 को आयोजित हुई बैठक में करंट प्राइस लेवल तथा मेट्रो के संचालन में सोलर ऊर्जा के उपयोग को समायोजित करते हुए नवीन संशोधित डीपीआर तैयार की गई है। तय समय में तैयार की गई यह नवीन संशोधित डीपीआर आज दिनांक 29.03.2022 को जयपुर मेट्रो को सौपी गई।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा की अध्यक्षता में आज दिनांक 29.03.2022 को आयोजित बैठक में जयपुर मेट्रो निदेशक परियोजना, श्री संजय यादव एवं दिल्ली मेट्रो, निदेशक (बिजनेस डवलपमेंट) श्री प्रमीत कुमार गर्ग के मध्य फेज 1D (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास, अजमेर रोड़) की डीपीआर तैयार करने का अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। इस दौरान जयपुर मेट्रो के निदेशक (वित्त) श्री हरीश लढ्ढा एवं दिल्ली मेट्रो के निदेशक परियोजना श्री महेश बुराडिया व महाप्रबंधक (कन्सल्टेंसी) श्री आर जी शर्मा उपस्थित रहें।

इस कार्य हेतु दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को 9 मार्च 2022 को ही LoA जारी कर दिया गया था एवं उनके द्वारा सर्वे आदि प्रांरभिक कार्य शुरू किया जा चुका है। श्री शर्मा ने बताया कि फेज 1C की इस फाईनल संशोधित डीपीआर को जयपुर मेट्रो की कल 30 मार्च 2022 को होने वाली निदेशक मण्डल की बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा। तत्पश्चात् इसे अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किया जायेगा।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो